Roll No.
रोल नं. | | | | | | | |

**NE**

# Series RKM/NE

Code No. कोड नं. **32/1**

- Please check that this question paper contains 7 printed pages + 3 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 24 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 + 3 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 24 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks: 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i) Answer to questions carrying 2 marks should not exceed 30 words each.*

*(ii) Answer to questions carrying 4 marks should not exceed 60 — 80 words each.*

*(iii) Answer to questions carrying 6 marks should not exceed 100 — 125 words each.*

*(iv) Maps should be securely tied in the middle of the Answer-Book.*

*(v) Attempt all parts of a question together.*

*(vi) Stencils or templates for drawing outline maps may be used wherever necessary.*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) 2 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक न हो।*

*(ii) 4 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों से अधिक न हो।*

*(iii) 6 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 से 125 शब्दों से अधिक न हो।*

*(iv) मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका की बीच में मजबूती से बांधिए।*

*(v) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर साथ-साथ दीजिए।*

*(vi) जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टैंसिलों अथवा सांचों को रेखा-मानचित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

**1.** Mention the impact of the 'Reform Movements' in the field of emancipation of women. Give any four points. 4×½=2

स्त्री-मुक्ति के क्षेत्र में 'सुधार आंदोलनों' के प्रभाव का उल्लेख कीजिए। कोई चार बिन्दु दीजिए।

**2.** Who wrote the 'Ain-i-Akbari' ? State any two characteristics of this book. 1+1=2

'आइने-अकबरी' किसने लिखी ? इस पुस्तक की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**3.** What are non-ferrous metals ? Give two examples of non-ferrous metals. 1+1=2

अलौह धातुएँ क्या हैं ? अलौह धातुओं के दो उदाहरण दीजिए।

**4.** What is 'Public Distribution System' ? State its main function. 1+1=2

'सार्वजनिक वितरण प्रणाली' क्या है ? इसका मुख्य कार्य बताइए।

**5.** Which is the most effective organ of the United Nations (UN) ? Write two of its functions. 1+1=2

संयुक्त राष्ट्र (सं.रा.) का सबसे अधिक प्रभावशाली अंग कौनसा है ? इसके दो कार्य लिखिए।

**6.** Explain any two methods of mineral conservation. 2×1=2

खनिज संरक्षण की किन्हीं दो विधियों को स्पष्ट कीजिए।

**7.** Explain with examples the main difference between economic and non-economic activities. 2

आर्थिक और आर्थिककेतर क्रियाओं में उदाहरणों सहित मुख्य अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**8.** Explain any two causes of gender inequality. 2×1=2

लैंगिक असमानता के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए।

**9.** Explain any two efforts made by India to promote peace in the world through United Nations. 2×1=2

संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से भारत के विश्व शान्ति को बढ़ावा देने वाले किन्हीं दो प्रयासों को स्पष्ट कीजिए।

**10.** Look at the photograph of the great personality given below and answer the questions that follow : 1+1=2

(10.1) Name the personality shown in the photograph.

(10.2) Mention his major contribution towards the society.

नीचे दिए गए एक महान् व्यक्ति के फोटोग्राफ को देखिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(10.1) इस फोटोग्राफ में दिखाए गए व्यक्ति का नाम बताइए।

(10.2) इस व्यक्ति का समाज के प्रति मुख्य योगदान बताइए।



*Note :* *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 10.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 10 के स्थान पर है।*

Explain any two contributions of Annie Besant in the field of education. 2×1=2

ऐनी बिसेंट के शिक्षा के क्षेत्र में किन्हीं दो योगदानों को स्पष्ट कीजिए।

**11.** "The Harappan culture was distinct from all its contemporary cultures of the world." Substantiate this statement with two arguments. 2×1=2

''हड़प्पा संस्कृति अपनी समकालीन संसार की सभी संस्कृतियों से भिन्न थी।'' दो तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**12.** "The large number of livestock population has put great pressure on agricultural land in India." Support this statement with two arguments. 2×1=2

''भारत में पशुओं की बड़ी संख्या कृषि भूमि पर भारी दबाव डाले हुए है।'' दो तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**13.** Describe any four functions of the Constituent Assembly in building the 'New India.' 4×1=4

**OR**

Describe any four points of changing world political scenario after the Second World War.

'नव भारत' के निर्माण में संविधान सभा के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संसार के बदलते राजनीतिक परिदृश्य का वर्णन, कोई चार बिन्दु देते हुए कीजिए।

**14.** Describe any four functions of 'Home Guards'. 4×1=4

**OR**

State any four damaging effects of ground movements caused by earthquakes.

'होम गार्ड्स' के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भूकम्पों के कारण जमीन में हलचल होने के किन्हीं चार क्षतिकारक प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

**15.** Explain the term 'Agriculture'. Distinguish between net sown area and gross cultivated area, with examples. 2+2=4

**OR**

How can we overcome the problem of declining trend in food production ? Suggest any four measures in this regard.

'कृषि' (एग्रिकल्चर) शब्द की व्याख्या कीजिए। शुद्ध बोया गया क्षेत्र और कुल कृषि के अन्तर्गत क्षेत्र में उदाहरणों सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

खाद्य उत्पादन की घटती हुई प्रवृत्ति की समस्या को हम किस प्रकार हल कर सकते हैं ? इस संदर्भ में कोई चार उपाय सुझाइए।

**16.** Explain physiographic and economic factors with examples, which influence the distribution pattern of the railway network in the country. 2+2=4

देश में रेल-जाल के वितरण प्रतिरूप को प्रभावित करने वाले भूआकृतिक और आर्थिक कारकों को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**17.** How does the Government of India protect the interests of the consumers by standardisation of products ? Explain any four points in this regard. 4×1=4

भारत सरकार उत्पादों का मानकीकरण करके उपभोक्ताओं के हितों की किस प्रकार सुरक्षा करती है ? इस संदर्भ में किन्हीं चार बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

**18.** Define the term 'Unemployment'. How does disguised unemployment arise mainly in rural areas ? Explain with examples. 1+3=4

'बेरोजगारी' शब्द की परिभाषा दीजिए। प्रच्छन्न बेराजगारी मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में किस प्रकार उत्पन्न होती है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

**19.** Suggest any four measures for treating a person Who has been bitten by a venomous snake. 4×1=4

विषैले साँप द्वारा काटे गए व्यक्ति के उपचार के लिए कोई चार उपाय सुझाइए।

**20.** "Iron and steel industry is governed by its close proximity to raw materials." Examine this statement by giving four examples. 4×1=4

''लोहा और इस्पात उद्योग की स्थिति कच्चे माल की निकटता से नियंत्रित है।'' चार उदाहरण देकर इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**21.** Define the term 'Watershed'. Describe any five programmes which are included in the watershed development. 1+5=6

**OR**

Describe any six advantages of forests. 6×1=6

'जल-संभर' शब्द की परिभाषा दीजिए। जल-संभर विकास में शामिल किए गए किन्हीं पाँच कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

वनों के किन्हीं छः लाभों का वर्णन कीजिए।

**22.** Explain any six repressive measures taken by the British Government against Boycott and Swadeshi Movements. 6×1=6

**OR**

Why was the 'Simon Commission' appointed ? How did Indians react to it ? Explain any five points. 1+5=6

बहिष्कार और स्वदेशी आंदोलनों के विरुद्ध ब्रिटिश सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं छः दमनात्मक उपायों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'साइमन कमीशन' की नियुक्ति क्यों की गई ? भारत के लोगों ने इसके प्रति क्या प्रतिक्रिया की ? किन्हीं पाँच बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए।

**23.** Who is a disabled person ? How does the 'Person With Disability (PWD) Act, 1995' safeguard the interests of disabled persons ? Explain five provisions of this Act. 1+5=6

**OR**

Explain any six major rights of a child as recommended by the United Nations Convention on the Rights of the Child, 1992. 6×1=6

विकलांग व्यक्ति कौन है ? 'विकलांग व्यक्ति अधिनियम, 1995', विकलांग व्यक्तियों के हितों की सुरक्षा किस प्रकार करता है ? इस अधिनियम के पाँच प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

शिशु अधिकारों से सम्बन्धित संयुक्त राष्ट्र प्रारूप, 1992 द्वारा शिशुओं के लिए सुझाए गए किन्हीं छः प्रमुख अधिकारों को स्पष्ट कीजिए।

**24.** (a) (i) On the given political outline map of **India** (on page 8) the place is shown by No. 1, where the 'Sun Temple' is located. Write the correct name of that place on the dotted line marked on the map.

(ii) On the same map of **India** (on page 8) shade and name the state where Belur and Halebid temples are located. 1+1=2

(b) On the given political outline map of **India** (on page 9) are shown four geographical features A, B, C and D. Identify these features with the help of the map key and write their correct names on the line marked against each in the map. 4×1=4

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 10) locate and label the following features : 4×1=4

(i) Digboi - Oil Refinery

(ii) Ahmedabad - Cotton Textile Centre

(iii) Amarkantak - Thermal Power Station

(iv) Vishakhapatnam - Sea-port

(अ) (i) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 8 पर) में संख्या 1 द्वारा उस स्थान को दिखाया गया है जहाँ 'सूर्य मंदिर' स्थित है। मानचित्र पर अंकित खण्डित रेखा पर उस स्थान का सही नाम लिखिए।

(ii) **भारत** के इसी मानचित्र (पृष्ठ 8 ) में उस राज्य को छायांकित कीजिए और नाम लिखिए जहाँ पर बेलूर और हेलेबिड मंदिर स्थित हैं।

(ब) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 9 पर) पर चार भौगोलिक लक्षण क, ख, ग और घ दिखाए गए हैं। मानचित्र में दी गई कुंजी की मदद से इन लक्षणों को पहचानिए और मानचित्र में प्रत्येक के सामने दी गई रेखा पर उनके सही नाम लिखिए।

**अथवा**

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 10 पर) पर निम्नलिखित लक्षणों की स्थिति दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) डिगबोई — तेल परिष्करणशाला

(ii) अहमदाबाद — सूती-वस्त्र केन्द्र

(iii) अमरकंटक — ताप शक्ति केन्द्र

(iv) विशाखापटनम — समुद्री-पत्तन

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 24 (a) and (b).*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 24 (अ) और (ब) के स्थान पर है।*

(24.1) In which state is the 'Sun Temple' located ?

(24.2) Mention the state where Belur and Halebid temples are located.

(24.3) Name the leading sugarcane producing state.

(24.4) Name the northern terminal station of Golden Quadrilateral.

(24.5) In which state is Digboi Oil Refinery located ?

(24.6) Name the state where Amarkantak Thermal Power Station is located. 6×1=6

(24.1) 'सूर्य मंदिर' किस राज्य में स्थित है ?

(24.2) उस राज्य का नाम बताइए जिसमें बेलूर और हेलेबिड मंदिर स्थित हैं।

(24.3) गन्ने के अग्रणी उत्पादक राज्य का नाम बताइए।

(24.4) स्वर्णिम चतुर्भुज के उत्तरी अन्तिम स्टेशन का नाम बताइए।


(24.5) डिगबोई तेल परिष्करणशाला किस राज्य में स्थित है ?

(24.6) उस राज्य का नाम बताइए, जहाँ अमरकंटक ताप शक्ति केन्द्र स्थित है।

For question no. 24 (a) प्रश्न सं. 24 (अ) के लिए



For question no. 24 (b) प्रश्न सं. 24 (ब) के लिए



For question no. 24 (b) **OR** प्रश्न सं. 24 (ब) **अथवा** के लिए

